Gram : UNIVERSITY
FAX: 0512-2585280
Web: www.kanpuruniversity.org
e-mail I.D.-coe@kanpuruniversity.org

	OFF.	RESI.
V.C. :	2581280	2584280
REGI.:	2580044	2580281
Office :		

18

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर

CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

कल्यानपुर, कानपुर
KALYANPUR, KANPUR

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./R.Camp/मेमो/2021

दिनांक : 08/01/2022

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या,
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय।
2. समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी,
   विश्वविद्यालय परिसर, सी.एस.जे.एम. वि.वि., कानपुर।

विषय कोविड–19 के बढते सक्रमंण के दृष्टिगत विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 66/सत्तर–3–2022–08(20)/2020 दिनांक 08 जनवरी, 2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शासन ने कोविड–19 के बढते संक्रमण के दृष्टिगत उच्च शिक्षा विभाग के अधीन समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थान के भौतिक रूप से दिनांक 10.01.2022 से 16.01.2022 तक बन्द रहेंगे एवं पठन–पाठन कार्य ऑनलॉइन संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

उक्त अवधि में पूर्व निर्धारित/गतिमान परीक्षाएं यथावत् संचालित होती रहेगी। कोविड–19 एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) का अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत अन्य दिशा–निर्देशों का अनुपालन कडाई से किये जाने के निर्देश दिये गये है।

शासन के उक्त दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

डॉ0(अनिल कुमार यादव)
कुलसचिव

प्रतिलिपि:-

1. प्रभारी, पी0एम0यू0 सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों/विभागों के लॉगिन एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, कुलपति माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी/कुलसचिव/परीक्षा नियत्रंक।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
संख्या– 66 /सत्तर–3–2022–08(20)/2020

प्रेषक,
शमीम अहमद खान,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1 **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2 **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0 शासन।

3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 — लखनऊः दिनाँक 08 जनवरी, 2022

विषय:– कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों/उच्च शिक्षण संस्थान संचालित किए जाने सम्बन्धी दिशा–निर्देश।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3 के पत्र संख्या–3111/सत्तर–3–2021–08(20)/2020 दिनांक 28.12.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में कोरोना संक्रमण के सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गए हैं।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 के दृष्टिगत प्रदेश स्थित उच्च शिक्षा विभाग के अधीन समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थान भौतिक रूप से दिनांक 10.01.2022 से 16.01.2022 तक बन्द रहेंगे तथा पठन–पाठन कार्य ऑनलाइन संचालित किया जायेगा।

3– उक्त अवधि में पूर्व से निर्धारित/गतिमान परीक्षायें यथावत संचालित होती रहेंगी। कोविड–19 एस0ओ0पी0 (मानक संचालन प्रक्रिया) का अनुपालन अनिवार्य रूप से किया जायेगा तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत अन्य दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

भवदीय,
(शमीम अहमद खान)
सचिव।

संख्या– 66 (1)/सत्तर–3–2022, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0।
2– निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री उच्च शिक्षा उ0प्र0।
3– मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
4– अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग उ0प्र0 शासन।
5– कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
7– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से
(हरेन्द्र कुमार सिंह)
उप सचिव।